महावीर जी अब तो लो तुम ख़बर मेरी

महावीर जी अब तो लो तुम ख़बर मेरी,
लो ख़बर मेरी लो ख़बर मेरी-३
महावीर जी अब तो लो तुम ख़बर मेरी,

मोह माया में फंसा हूँ , वैराग्य तुम जगा दो।
भटका हुआ हूं राही , मुझे रास्ता दिखा दो।
कश्ती मेरी पुरानी और रात भी अन्धेरी।
महावीर जी अब तो लो...........................

कर दी हवाले तेरे , अब डोर जिंदगी की।
वीरान सी ये दुनिया , मेहमां है दो घड़ी की।
मेरा भी हाथ पकड़ो करना ना और देरी।
महावीर जी अब तो लो...........................

माँ त्रिशला के दुलारे , हर दीन के सहारे।
उत्तम क्षमा हो देते , पापी भी भव से तारे।
ये '"पाल" को बता दो तूने क्यों नज़र है फेरी।
महावीर जी अब तो लो ....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/10211/title/mahaveer-ji-ab-to-lo-tum-khabar-meri

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |